**संदिग्ध मौत** तीन वर्ष से पति से अलग रहती थी महिला, शरीर पर मिले चोट के निशान

# महिला की संदिग्ध मौत, हत्या की आशंका



**अनूपपुर, नवभारत 22 जून।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुना कॉलरी में सोमवार को एक 42 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान जानकीबाई गोंड के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भालूमाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार महिला का शव जिस घर से बरामद हुआ, वहां वह पिछले कुछ वर्षों से रह रही थी। प्रारंभिक जांच में मृतका के शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### सफीक खान नामक व्यक्ति के साथ रहती थी

पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार जानकीबाई गोंड पिछले लगभग तीन वर्षों से अपने पति से अलग रह रही थी और सफीक खान नामक व्यक्ति के साथ निवास कर रही थी। उसका शव उसी घर में मिला, जहां वह निवासरत थी।

### आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए : उपाध्याय

घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। भालूमाड़ा थाना प्रभारी उमेश उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने मृतका के पति सहित अन्य परिजनों और संबंधित लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

> **पीएम के बाद ही वास्तविक कारणों का होगा खुलासा**
>
> थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस संदिग्ध मौत मानकर जांच कर रही है और हत्या सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

## कार से आए चोरों ने 100 लीटर डीजल उड़ाया

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत सूरतलाई स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने खड़े आईसर लोडिंग वाहन से अज्ञात बदमाशों ने रात के अंधेरे में करीब 100 लीटर डीजल उड़ा दिया। बिना नंबर की कार से आए 4 शातिर चोरों ने बकायदा मशीन लगाकर बेहद कम समय में इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, ग्वालियर जिले के ग्राम रनगवां थाना बेहट का रहने वाला 24 वर्षीय गिर्राज श्रीवास आईसर लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 04 जेड के 7194 का चालक है। वह उमरिया डुंगरिया स्थित एक फैक्ट्री से नल के पाइप लोड करके जबलपुर आया था। बीती रात जब वह सूरतलाई के पास पहुंचा, तो उसे तेज नींद आने लगी। सुरक्षित स्थान समझकर उसने अपनी गाड़ी को भारत पेट्रोल पंप के सामने खड़ा किया और केबिन में ही सो गया। करीब 2 से 2:30 बजे के बीच, एक सफेद रंग की कार आकर आईसर वाहन के पास रुकी।

# देर रात कच्चे मकान में लगी आग, गृहस्थी खाक



**ग्रामीणों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू**

**अनूपपुर, नवभारत 22 जून।** जिले के फुनगा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पयारी क्रमांक 1 गांव में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक कच्चे मकान में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से घर में रखा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

ग्रामीणों की तत्परता से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी ललुआ चौधरी के मकान के समीप स्थित कच्चे मकान में देर रात अचानक आग भड़क उठी। आग की लपटें देख आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने में जुट गए।


### तड़के लगभग तीन बजे आग पर काबू पाया गया

ग्रामीणों के लगातार प्रयास के बाद सोमवार तड़के लगभग तीन बजे आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया गया। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जानबूझकर आग लगाई गई हो सकती है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

> **पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर कर रही जांच**
>
> फुनगा पुलिस चौकी प्रभारी सोने सिंह परस्ते ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में किसी पुरानी रंजिश की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, जबकि घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा है। नुकसान का वास्तविक आकलन अभी किया जाना बाकी है।

# अनुकंपा नियुक्ति व कृषि विस्तार पर जोर

**सीईओ जिला पंचायत ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**



**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने जिले में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के त्वरित निराकरण, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कृषि एवं उद्यानिकी फसलों के रकबे में वृद्धि के लिए अधिकारियों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। वे सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि जिला अनुकंपा समिति की अनुशंसा के आधार पर पात्र हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। उन्होंने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने और प्रत्येक माह प्रकरणों का अद्यतन विवरण तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ मिल सके।

### पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता

उन्होंने प्रधानमंत्री श्रमयोगी मान-धन योजना की समीक्षा करते हुए जनपद एवं नगरीय निकाय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर पात्र श्रमिकों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही संबल योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## रांझी में हत्या करने के इरादे से युवक को मारा चाकू

**जबलपुर ।** रांझी थाना अंतर्गत सरकारी स्कूल के पास बीती रात बदमाशों ने हत्या करने के इरादे से युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया । वहीं हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए ।

पुलिस के मुताबिक छिंगा रैकवार 50 वर्ष निवासी सरकारी स्कूल के पास रिछाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 11-10 बजे सरकारी स्कूल के पास बादल कोल, बच्चू कोल, विक्की कोल ने पुरानी रंजिश के चलते उसके बेटे मोहित रैकवार की हत्या करने इरादे से चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया ।हमले में मोहित को सिर में पीछे तरफ गर्दन के वायें तरफचोट आई हैं।

# चोरी व लूट का अंतर्राज्यीय आरोपी पकड़ाया

**47 हजार 500 नकदी व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद**



**अनूपपुर, नवभारत 22 जून।** थाना बिजुरी पुलिस ने चोरी एवं लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई नकदी तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार 31 मई को फरियादी रामबहोर साहू निवासी कोठी ने थाना बिजुरी में शिकायत दर्ज कराई थी कि 30 मई को बिजुरी अस्पताल के पास खड़ी उनकी मोटरसाईकिल की डिग्गी से अज्ञात व्यक्ति ने 50 हजार रुपये नकद एवं आवश्यक दस्तावेज चोरी कर लिए थे। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### सीसीटीवी के फुटेज से हुई पहचान

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिसमें संदेही की पहचान ओमप्रकाश सिसोदिया उर्फ बच्चा कंजर के रूप में हुई। आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। इसी क्रम में 22 जून को उसे खमरौत चाका जिला शहडोल से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

### आरोपी पर 15 से अधिक मामले दर्ज हैं

पुलिस के अनुसार आरोपी एक शातिर एवं आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों सतना, रीवा, सिंगरौली सहित छत्तीसगढ़ राज्य में चोरी, लूट, नकबजनी एवं आर्म्स एक्ट के 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी से 47 हजार 500 नकद जब्त किए गए।

**एक नजर में**

## बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने कंट्रोल रूम स्थापित



**अनूपपुर, नवभारत।** आगामी मानसून को देखते हुए जिला प्रशासन ने बाढ़ एवं अतिवृष्टि की संभावित परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला स्तरीय आपदा नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित कर दिया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देश पर कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर के कक्ष क्रमांक-56 में संचालित यह कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा और दूरभाष व ई-मेल के माध्यम से जिले की स्थिति की सतत निगरानी करेगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार नियंत्रण कक्ष में कर्मचारियों की तीन शिफ्टों में ड्यूटी निर्धारित की गई है। प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मनोज कुमार रौतेल, दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक कमलेश्वरी यादव एवं सपना रजक तथा रात्रि 8 बजे से प्रात: 8 बजे तक भोलेलाल कोल तैनात रहेंगे। सभी कर्मचारी बाढ़, जलभराव और अतिवृष्टि संबंधी सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।



## सामूहिक योग एवं ध्यान अभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को म.प्र. जन अभियान परिषद अनूपपुर के नेतृत्व एवं जनपद पंचायत अनूपपुर के सहयोग से ग्राम पंचायत बदरा परिसर में ब्लॉक स्तरीय सामूहिक योग एवं ध्यान अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ योग प्रार्थना एवं ध्यान सत्र के साथ हुआ। इसके बाद आजीविका परियोजना के योग प्रशिक्षक रामलाल पांडे के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान सभी ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अंकुर ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती है।

## रेलवे यार्ड के पास मिली लाश

**नवभारत, जबलपुर।** सिविल लाइंस अंतर्गत रेलवे कोचिंग यार्ड डिपो के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची सिविल लाइंस पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक, आरपीएफ आरक्षक शैलेंद्र दुबे (40) ने बताया कि उनकी ड्यूटी कोचिंग यार्ड डिपो में थी। गश्त के दौरान उन्होंने अपर लाइन पिट नंबर 6 के पास, कटनी एंड में अप लाइन से करीब 100 फीट दूर पानी की टंकी के सामने एक शव को देखा। इसके बाद पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। सिविल लाइंस पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के थानों में गुमशुदगी के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं ताकि अज्ञात मृतक की पहचान की जा सके।

# जिले में लगातार बढ़ रहा अवैध शराब का नेटवर्क

**पुलिस की कार्रवाई और आबकारी विभाग पर उठे सवाल**



**अनूपपुर, नवभारत 22 जून।** जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाइयों ने न केवल शराब तस्करी के संगठित नेटवर्क की पोल खोल दी है, बल्कि आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

बीते दिनों जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई पुलिस कार्रवाई में कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर 66 लीटर से अधिक अंग्रेजी, देशी शराब एवं बीयर जब्त की गई थी, साथ ही एक बोलेरो वाहन और एक मोटरसाईकिल भी बरामद की गई थी। लगातार सामने आ रहे मामलों के बाद स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि जब जिले में शराब की बिक्री, भंडारण और परिवहन की निगरानी की जिम्मेदारी आबकारी विभाग की है, तब इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब आखिरकार आरोपियों तक कैसे पहुंच रही है।

### शराब दुकानों से पैकारी का आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले की कई शराब दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब खरीदकर पैकारों के माध्यम से गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही है। यही शराब बाद में अवैध बिक्री और तस्करी का माध्यम बनती है। कई मामलों में जब्त की गई शराब वैध ब्रांडों की पाई गई है, जो केवल अधिकृत शराब दुकानों से ही प्राप्त की जा सकती है। लोगों का मानना है कि विभागीय निगरानी कमजोर होने के कारण शराब माफिया बेखौफ होकर कारोबार कर रहे हैं।

# मैटर की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक बाइक लॉन्च

**नवभारत, जबलपुर।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी मैटर ने जबलपुर में अपनी पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक बाइक एरा 5000+ लॉन्च की है। इसके साथ ही कंपनी ने मध्य प्रदेश में अपना दूसरा एक्सपीरियंस हब जबलपुर के कृषि उपज मंडी रोड में आईओसी पंप के सामने खोला है। यहाँ लोग बाइक को करीब से देख सकेंगे और टेस्ट राइड ले सकेंगे। भारत में बनी इस मोटरसाइकिल की एक्स-शोरूम कीमत 1,93,826 रुपए है। इसकी बुकिंग कंपनी की वेबसाइट मैटर.इन पर की जा सकती है। यह बाइक जबलपुर के बढ़ते ट्रैफिक के बीच रोज़ की यात्रा के लिए एक अच्छा और टिकाऊ विकल्प है। मैटर एरा 5000+ में हाइपरशिफ्ट तकनीक के साथ 4-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स दिया गया है, जो इलेक्ट्रिक पावर के साथ गियर बदलने का बढ़िया अनुभव देता है। यह देश की पहली इलेक्ट्रिक बाइक है जो लाइफटाइम बैटरी वारंटी के साथ आती है, जिससे ग्राहकों को लंबी यात्राओं में भी कोई चिंता नहीं रहेगी। मैटर के संस्थापक कुमार प्रसाद तेलिकेपल्ली ने कहा कि जबलपुर में लॉन्च करना मध्य भारत में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

## मेंढ़क को लील रहा था तीन फीट लंबा सांप

**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत सिद्ध नगर में एक घर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब द्वार पर तीन फीट लंबा सांप मेढ़क को लील रहा था। जानकारी के मुताबिक सिद्ध नगर निवासी शंकर लाल रजक के घर के व्दार पर रात साढ़े आठ बजे एक तीन फीट लंबा सांप मेंढ़क का शिकार कर धीरे-धीरे लील रहा था। तभी परिजनों की नजर सांप पर पड़ गई।



# अंतरराज्यीय शातिर लुटेरा मंजय नट गिरफ्तार

**उड़ीसा-छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में दर्ज हैं 20 से अधिक मामले**

**कोतमा नवभारत 22 जून।** कोतमा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिछले महीने बाजार से लौट रही एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन झपटने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के मुख्य आरोपी मंजय नट को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़ा गया आरोपी अत्यंत शातिर और आदतन लुटेरा है, जिसके खिलाफ उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के विभिन्न थानों में 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की चेन बेचने से मिले हिस्से के नगद 3,300 बरामद कर लिए हैं।

### बाजार से लौटते समय हुई थी वारदात

मामले की जानकारी के अनुसार 19 मई को वार्ड नंबर 5 कोतमा निवासी फरियादी जितेंद्र त्रिपाठी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 17 मई की शाम को उनकी मां सरोज तिवारी कोतमा बाजार से सब्जी खरीदकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान जखीरा चौक के पास मोटरसाईकिल पर खड़े दो अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन खींच ली और तेजी से फरार हो गए।

### रेलवे पटरी के पास से दबोचा गया आरोपी

लगातार तलाश में जुटी पुलिस को 21 जून को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी मंजय नट को कोतमा रेलवे स्टेशन के आगे रेल पटरी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया और बताया कि लूटी गई चेन को बेचने के बाद उसके हिस्से में आए रुपयों में से 3,300 बचे थे, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है।

> **सोशल मीडिया से मिला सुराग**
>
> पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में मामला सुलझाने के लिए कोतमा थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए क्षेत्र के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में दिखे संदिधों के फोटो और वीडियो को विभिन्न पुलिस ग्रुप्स और सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जिससे आरोपियों की पहचान सुनिश्चित हो सकी।

**अनूठी पहल** परमानंद कुमार ने तैयार किया 20 हजार फलदार पौधों का अनोखा उद्यान

# बंजर धरती पर हरियाली का चमत्कार



**जमुना-कोतमा नवभारत 22 जून।** जिले के पसान क्षेत्र से पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है।

यहां के पर्यावरण प्रेमी एवं प्रगतिशील कृषक परमानंद कुमार ने अपनी दूरदर्शी सोच और अथक परिश्रम से वर्षों से अनुपयोगी पड़ी बंजर भूमि को एक विशाल फलदार उद्यान में परिवर्तित कर दिया है। जमुना क्षेत्र के समीप स्थित इस फार्म हाउस में आज लगभग 20 हजार फलदार पौधे लहलहा रहे हैं, जिनमें 30 से 40 प्रजातियों के विदेशी आम, उन्नत किस्म के कटहल, अमरूद सहित कई दुर्लभ फलदार वृक्ष शामिल हैं।

### युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत

कभी वीरान और सूखी पड़ी जमीन आज हरियाली से आच्छादित होकर क्षेत्र के किसानों और युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गई है। परमानंद कुमार बताते हैं कि सही योजना, निरंतर देखभाल और धैर्य के साथ बंजर भूमि को भी उपयोगी बनाया जा सकता है। उनका मानना है कि शुरुआती दो से तीन वर्षों तक पौधों की उचित देखभाल की जाए तो आने वाले कई दशकों तक उनसे बेहतर उत्पादन और आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### अनूठी पहल से लोगों को मिला रोजगार

इस अनूठी पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं। परमानंद कुमार का कहना है कि यदि शासन और उद्यानिकी विभाग का सहयोग मिले तो इस मॉडल को बड़े स्तर पर विकसित कर जिले में रोजगार सृजन और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।